# श्री नरेन्द्र मोदी जी से जनता के कुछ सवाल

- हमें पता चला है कि गुजरात सरकार के.जी. बेसिन से निकलने वाली गैस के दाम बढ़ाकर 16 डॉलर प्रति यूनिट करवाने की मांग कर रही है। यू.पी.ए. सरकार ने तो गैस के दाम अभी 4 डॉलर से बढ़ाकर 8 डॉलर करने के आदेश दिए हैं जिसकी वजह से हंगामा मचा हुआ है। यदि आप देश के प्रधानमंत्री बनते हैं तो क्या जनता माने कि आप मुकेश अंबानी की गैस के दाम बढ़ाकर 16 डॉलर प्रति यूनिट कर देंगे?

- क्या यह सच है कि आपकी सरकार 13/- प्रति यूनिट की दर से सोलर एनर्जी खरीद रही है? वह भी बिना टेंडर प्रक्रिया को पालन किए. जबकि मध्यप्रदेश और कर्नाटक में टेंडरिंग के बाद भी 7.5/- प्रति यूनिट और 5.5/- प्रति यूनिट की दर से सोलर एनर्जी खरीदी जा रही है। आपकी सरकार इतनी अधिक दरों पर बिजली (सोलर पावर) क्यों खरीद रही है?

- आप हर जगह कहते रहे हैं कि गुजरात में कृषि विकास दर 11% है। जबकि आप ही की सरकार के आँकड़ों के मुताबिक 2006-07 में गुजरात में कृषि उत्पादन 27815/- करोड़ का था. 2012-13 में यह घटकर 25908/- करोड़ रह गया. इस हिसाब से आपके शासन काल में कृषि उत्पादन में कमी आई है और कृषि उत्पादन की वार्षिक दर -1.18% रही है। तब आप किस आधार पर 11% कृषि विकास दर का दावा करते हैं?

- पिछले 10 साल में गुजरात में लगभग दो तिहाई लघु उद्योग बंद हो चुके हैं। इसका उदाहरण हमें मेहसाना में देखने को मिला जहां छोटे से इलाके में 187 में से 140 लघु उद्योग यूनिट बंद हो चुकी हैं, ऐसे में आपके विकास का मॉडल क्या है? क्या आप देश के सारे छोटे उद्योगों-मध्यम उद्योगों को बंद

करके, आपकी पसंद के चन्द औद्योगिक घरानों को देश का सारा उद्योग सौंप दिया जाय?

- आप हर जगह दावा करते हैं कि आपने गुजरात में भ्रष्टाचार खत्म कर दिया है. पर गांवों और शहरों में हर जगह गुजरात के लोगों से बात करके पता चला है कि आपके सरकारी विभागों में नीचे तक खूब भ्रष्टाचार है। एक तलाटी की नौकरी के लिए 10 लाख रुपए तक की रिश्वत मांगी गई। बीपीएल कार्ड बनवाने, इंदिरा आवास योजना से लेकर औद्योगिक लाईसेंस तक लेने तक में, हर जगह रिश्वत देनी पड़ती है। लोग भ्रष्टाचार से बेहद दुखी हैं। तब आप कैसे दावा करते हैं?
- आपने अपने मंत्रिमंडल में बाबू भाई बोखरिया जैसे लोगों को रखा है। जिनके खिलाफ अवैध खनन के मामले हैं और उन्हें 3 साल की सजा तक हो चुकी है। 450 करोड़ के मछली घोटाले के आरोपी पुरुषोत्तम सोलंकी तक को आप मंत्रीमंडल में रखते हैं। क्या आपको 6 करोड़ गुजरातियों में से अपने मंत्रिमंडल के लिए कोई ईमानदार व्यक्ति नहीं मिला.
- लोग कहते हैं कि आपके मुकेश अंबानी जी से बेहद घनिष्ठ रिश्ते हैं। आपने अंबानी परिवार के दामाद तक को मंत्री बनाकर उन्हें ऊर्जा, खनन जैसे मंत्रालय देकर गुजरात के प्राकृतिक संसाधनों को एक तरह से अंबानी परिवार को सौंप रखा है। आप ऐसा क्यों कर रहे हैं?
- पूरे गुजरात में बेरोजगारी का बुरा आलम है। हाल ही में 'तलाटी' पद की नौकरी के 1500 पदों के लिए 13 लाख लोगों ने आवेदन किया. फिर आप कैसे दावा करते हैं कि आपने गुजरात में बेरोजगारी की समस्या हल कर दी है?

- आपकी सरकार में भी युवाओं को ठेके की नौकरियों पर रखकर उनका शोषण किया जा रहा है। पढ़े-लिखे नौजवानों को आप जब ठेके पर नौकरी देते हैं तो उन्हें पाँच साल तक महज़ 5300/- प्रतिमाह का वेतन मिलता है। क्या आप मानते हैं कि कोई भी शिक्षित, इज्जतदार आदमी 5300/- प्रतिमाह के वेतन में अपना परिवार चला सकता है?

- क्या आप मानते हैं कि देश के गरीब लोगों को अच्छी शिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है? पिछले कई दिनों से हमने गुजरात के गांवों और कस्बों में घूमें हैं। गुजरात के सरकारी स्कूल तो बदहाली के शिकार हैं। हमें ऐसे कॉलेज भी मिले हैं जहां 600 बच्चों पर प्रिंसीपल सहित कुल तीन अध्यापक हैं। ऐसी शिक्षा व्यवस्था के चलते देश कैसे विकास कर सकता है?

- क्या आप मानते हैं कि सरकार की जिम्मेदारी अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देना भी है? पूरे राज्य में सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं ठप पड़ी हैं। हर जगह भ्रष्टाचार है। कई गांवों में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र बन्द पड़े हैं, खंडहर हो चुके हैं। तालुका और ज़िला स्तर के अस्पतालों में आधे से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। जो हैं वो आते नहीं हैं। अस्पतालों में दवाई नहीं मिलती। ऐसे में गुजरात में अच्छी स्वास्थ्य सेवा देने का दावा आप देश भर के सामने क्यों करते हैं?

- पूरे गुजरात में किसान आपकी सरकार से दुखी है। उसकी लागत से भी कहीं कम मूल्य उसे अपनी उपज का मिलता है क्योंकि 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' पर आपकी सरकार उसकी अनदेखी करती आई है। किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है। हाल के वर्षों में गुजरात में 800 किसान आत्महत्या कर चुके हैं और आपने किसानों को मिलने वाली तमाम सब्सिडी बंद कर दी है।

- आप पूरे देश में घूम-घूमकर बता रहे हैं कि आपकी सरकार ने गांव-गांव में बिजली पहुंचा दी है। हमें पता चला है कि आपकी सरकार के पास 4 लाख किसानों ने कई वर्षों से बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर रखा है लेकिन उन्हें कनेक्शन नहीं मिल रहा. जब आप किसान को कनेक्शन ही नहीं दे रहे तो बिजली उपलब्ध ~~पहुं~~ कराने का खोखला दावा आप क्यों करते हैं?

- आपकी सरकार ने किसानों की ज़मीन छीन-छीनकर अपने कुछ चहेते उद्योगपतियों को आप कौड़ियों के भाव बिका रहे हैं। इनमें से बहुत से किसानों को तो मुआवज़ा दिया ही नहीं गया। . जिन किसानों को आपने मुआवज़ा दिया, हर जगह ज़मीन की बाज़ार दर से बहुत कम दिया है। आपने किसानों की ज़मीन छीनकर अडानी और अंबानी जैसे उद्योगपतियों को 1/- प्रति वर्ग मीटर पर दी है, ऐसा क्यों? किसानों के प्रति आपकी सरकार इतनी निर्दयी क्यों है?

- कच्छ के लोगों को पीने और खेती के लिए पानी पहुंचाने के लिए 2005 में नर्मदा बांध की ऊंचाई बढ़ाई गई थी। लेकिन आज 8 साल बाद भी कच्छ के लोगों को पानी नहीं मिला। यह पानी आपके कुछ चहेते उद्योगपतियों को दे दिया गया. कच्छ के लोगों के साथ यह भेदभाव क्यों?

- आपने पंजाब में कहा था कि गुजरात के कच्छ में रह रहे सिख परिवारों की ज़मीनें नहीं छीनी जाएगी. सच यह है कि आपकी सरकार ने सिख परिवारों की ज़मीनें छीनने के लिए कोर्ट में मुकदमा कर रखा है। आप यह मुकदमा वापस क्यों नहीं लेते?

- आप निजी हैलीकॉप्टर और जहाज़ों में घूमते हैं। आपके पास ऐसे कितने जहाज/हैलीकॉप्टर हैं? ये किसके हैं? आप इनका कितना पैसा देते हैं? या इनका पैसा कोई और देता है? आप अपनी हवाई यात्रा के खर्च को सार्वजनिक क्यों नहीं करते?